# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 23 अगस्त 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 28 हजार 756 सैम्पलों की हुई जांच

## प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 0.14 प्रतिशत

- आज 23 अगस्त की स्थिति में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.14 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 28 हजार 756 सैंपलों की जांच में से 39 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## दो डोज ले चुके विमान यात्रियों की नहीं होगी आरटीपीसीआर जांच

- अन्य राज्यों से वायु मार्ग द्वारा छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों के लिए राज्य शासन ने संशोधित दिशा निर्देश जारी किए हैं। संशोधित निर्देशों के अनुसार ऐसे यात्री जिनके पास कोविड-19 टीकाकरण के दो डोज पूर्ण होने का प्रमाण पत्र हो, उन्हें आरटीपीसीआर जांच की अनिवार्यता से मुक्त रखा गया है। शेष यात्रियों के लिए 96 घण्टे पूर्व तक की निगेटिव आर.टी.पी.सी.आर. जांच रिपोर्ट का होना अनिवार्य होगा। पूर्व में जारी अन्य शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

## शिशु संरक्षण माह का आयोजन 24 अगस्त से

## करीब 27 लाख बच्चों को दी जाएगी विटामिन "ए" और 28 लाख को फोलिक एसिड की खुराक

- प्रदेश में 24 अगस्त से 28 सितम्बर तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान टीकाकरण केन्द्रों और आंगनबाड़ियों में 9 माह से 5 वर्ष के लगभग 26 लाख 40 हजार लाख बच्चों को विटामिन 'ए' सिरप पिलाया जायेगा और 6 माह से 5 वर्ष के लगभग 27 लाख 60 हजार बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सिरप की खुराक दी जाएगी। कार्यक्रम का क्रियान्वयन एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले टीकाकरण दिवस को किया जाएगा। इसके अलावा टीकाकरण से छूटे हुए तथा नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चों को प्रतिरक्षा के लिए बी.सी.जी., हेपेटाईटिस बी, डी.पी.टी., ओ.पी.व्ही., मिजल्स-रूबेला तथा पेंटावेलेंट के टीके भी लगाए जाएंगे।

- शिशु संरक्षण माह के दौरान बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए उनका वजन लिया जाएगा तथा अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उनके पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कर उपचार किया जाएगा। इस दौरान आंगनबाड़ियों में भी कुपोषित बच्चों को पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराया जाएगा। पालकों को बच्चों की आयु के अनुरूप पोषण आहार की जानकारी दी जाएगी। शिशु संरक्षण माह के तहत एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा परिवार भ्रमण के दौरान गर्भवती माताओं एवं बच्चों को परामर्श भी दिया जायेगा। इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए स्वास्थ केन्द्रों और आंगनबाड़ियों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग आपसी समन्वय से काम करेंगे।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 39 |
| | | कुल | 1004183 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 48 |
| | | कुल* | 169895 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 144 |
| | | कुल* | 820025 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 192 |
| | | कुल | 989920 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 709 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु<br>कुल - 01 | कोविड–19 | 0 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 01 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 28,756**

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 23-08-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 0 | 96680 | 1 | 14618 | 1 | 80233 | 94851 | 34 | | 1795 |
| 2 | राजनांदगांव | 0 | 56015 | 2 | 12725 | 0 | 42770 | 55495 | 6 | | 514 |
| 3 | बालोद | 0 | 27261 | 1 | 9297 | 5 | 17562 | 26859 | 6 | | 396 |
| 4 | बेमेतरा | 0 | 19945 | 0 | 3355 | 0 | 16352 | 19707 | 2 | | 236 |
| 5 | कबीरधाम | 0 | 22770 | 0 | 2387 | 5 | 20113 | 22500 | 3 | | 267 |
| 6 | रायपुर | 1 | 157842 | 0 | 30836 | 7 | 123825 | 154661 | 42 | | 3139 |
| 7 | धमतरी | 1 | 27207 | 0 | 2756 | 3 | 23888 | 26644 | 18 | | 545 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 0 | 43024 | 0 | 9049 | 10 | 33485 | 42534 | 20 | | 470 |
| 9 | महासमुंद | 0 | 31336 | 3 | 4070 | 0 | 26878 | 30948 | 23 | | 365 |
| 10 | गरियाबंद | 2 | 19680 | 2 | 3600 | 2 | 15872 | 19472 | 14 | | 194 |
| 11 | बिलासपुर | 4 | 65503 | 0 | 7390 | 5 | 56867 | 64257 | 40 | 1 | 1206 |
| 12 | रायगढ़ | 0 | 62502 | 1 | 12753 | 15 | 48743 | 61496 | 28 | | 978 |
| 13 | कोरबा | 6 | 54665 | 4 | 4964 | 9 | 49039 | 54003 | 86 | | 576 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 2 | 57491 | 10 | 8082 | 12 | 48525 | 56607 | 52 | | 832 |
| 15 | मुंगेली | 0 | 23898 | 0 | 1003 | 2 | 22717 | 23720 | 11 | | 167 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 0 | 12006 | 2 | 941 | 0 | 10917 | 11858 | 2 | | 146 |
| 17 | सरगुजा | 4 | 33656 | 1 | 4205 | 3 | 29190 | 33395 | 16 | | 245 |
| 18 | कोरिया | 0 | 26933 | 2 | 1792 | 0 | 24953 | 26745 | 13 | | 175 |
| 19 | सूरजपुर | 1 | 29019 | 0 | 2118 | 2 | 26668 | 28786 | 9 | | 224 |
| 20 | बलरामपुर | 0 | 20288 | 0 | 1525 | 2 | 18628 | 20153 | 17 | | 118 |
| 21 | जशपुर | 4 | 26987 | 5 | 4982 | 12 | 21740 | 26722 | 53 | | 212 |
| 22 | बस्तर | 4 | 21001 | 10 | 5633 | 4 | 15107 | 20740 | 73 | | 188 |
| 23 | कोंडागांव | 1 | 13082 | 1 | 1833 | 4 | 11134 | 12967 | 16 | | 99 |
| 24 | दंतेवाडा | 2 | 10765 | 0 | 4457 | 5 | 6261 | 10718 | 23 | | 24 |
| 25 | सुकमा | 1 | 7998 | 0 | 4430 | 10 | 3518 | 7948 | 30 | | 20 |
| 26 | कांकेर | 1 | 23567 | 1 | 3625 | 14 | 19688 | 23313 | 31 | | 223 |
| 27 | नारायणपुर | 1 | 4009 | 0 | 3222 | 1 | 761 | 3983 | 12 | | 14 |
| 28 | बीजापुर | 4 | 8285 | 0 | 3612 | 11 | 4591 | 8203 | 27 | | 55 |
| 0 | अन्य राज्य | 0 | 768 | 2 | 635 | 0 | 0 | 635 | 2 | | 131 |
| | **महायोग** | **39** | **1004183** | **48** | **169895** | **144** | **820025** | **989920** | **709** | **1** | **13554** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

